Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding price hike in respect of petroleum products, essential medicines and fertilizers.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, यह बड़ी चिंता का विषय है कि हिन्दुस्तान में खाद की कीमत धड़ल्ले से बढ़ रही है। डीएपी के बैग में 150 रुपये का इजाफा हुआ है, एनपीके के बैग में 110 रुपये का इजाफा हुआ है और पिछले दो हफ्ते में 12 बार पेट्रोल, डीजल आदि के दामों में बेतहाशा इजाफा होने के चलते आम लोगों की परेशानी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। सीएनजी से लेकर पीएनजी, हर चीज के दामों में बढ़ोत्तरी हो रही है। 800 दवाइयों के दामों में भी बढ़ोत्तरी हुई है। टोल टैक्स में भी बढ़ोत्तरी हुई है। मैं सरकार को यह सलाह देना चाहता हूं कि‘ मोदी है, तो मुमकिन है ’की जगह‘ मोदी है, तो महंगाई है ’बोलना शुरू कर दें। भारत को इस तरह से लूटने का क्या मतलब है? सरकार का ध्यानाकर्षण करने की मैं बार-बार कोशिश करता हूं। सरकार ने आज तक लगभग साढ़े छब्बीस लाख करोड़ रुपये केवल तेल के दामों में वृद्धि करके कमाए हैं। यह सरकार जनता का शोषण कर रही है। अत: मैं यह मुद्दा सदन के सामने रखना चाहता हूं और सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। धन्यवाद।